भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **3170** जिसका उत्तर
शुक्रवार, 9 अगस्त, 2024/18 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

अंतर- जलमार्गों का विकास

† 3170. श्री मड्डीला गुरूमूर्ति :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश की नदियों में अंतर-जलमार्गों के विकास के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है;
(ख) यदि हां, तो कार्य योजना में शामिल नदियों और जलमार्गों का आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या इस संबंध में आंध्र प्रदेश के लिए कोई विशेष योजना है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): जी हाँ। देश में अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडबल्यूटी) के विकास हेतु 24 राज्यों में फैले हुए 111 जलमार्गों (5 मौजूदा और 106 नए सहित) को राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के तहत राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) घोषित किया गया है। अध्ययन रिपोर्टों के निष्कर्ष के आधार पर 26 व्यवहार्य रा.ज. के विकास हेतु कार्य योजना तैयार की गई है। कार्य योजना में सम्मिलित नदियों और जलमार्गों (आंध्र प्रदेश राज्य सहित) का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-1** में दिया गया है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ): जी हाँ। आंध्र प्रदेश में शुरू किए गए विकासात्मक कार्यों का विवरण **अनुबंध-2** में दिया गया है।

अनुबंध-I

विकास हेतु 26 राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) की सूची

क्र. सं.	राष्ट्रीय जलमार्ग	जलमार्गों का ब्यौरा	लंबाई (कि.मी.)	राज्य
1.	राष्ट्रीय जलमार्ग 1	गंगा –भागीरथी -हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया – इलाहाबाद)	1620	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल
2.	राष्ट्रीय जलमार्ग 2	ब्रह्मपुत्र नदी (दुबरी-सादिया)	891	असम
3.	राष्ट्रीय जलमार्ग 16	बराक नदी (लखीपुर-टुकर ग्राम)	121	असम
4.	राष्ट्रीय जलमार्ग 3	वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम-कोल्लम), चंपाकरा एवं उद्योगमंडल नहर	205	केरल
5.	राष्ट्रीय जलमार्ग 4	कृष्णा नदी (विजयवाड़ा-मुक्तयाला)	82	आंध्र प्रदेश
6.	राष्ट्रीय जलमार्ग 5	मंगलागढ़ी से पानकोपल से होते हुए धमरा-पारादीप	233	ओडिशा
7.	राष्ट्रीय जलमार्ग 8	अलाप्पुझा -चंगनसरी नहर	29	केरल
8.	राष्ट्रीय जलमार्ग 9	अलाप्पुझा -कोट्टायम -अथिरमप्पुझा नहर	40	केरल वैकल्पिक मार्ग: 11.5 कि.मी.
9.	राष्ट्रीय जलमार्ग 27	कंबरजुआ नदी (कोर्टालिम-फेरी से साओ मार्टियस विधान परिषद)	17	गोवा
10.	राष्ट्रीय जलमार्ग 68	माण्डवी नदी (उसगांव ब्रिज से अरब सागर)	41	गोवा
11.	राष्ट्रीय जलमार्ग 111	ज़ुआरी नदी (सैनवोर्डेन ब्रिज से मुरगांव पत्तन)	50	गोवा
12.	राष्ट्रीय जलमार्ग 86	रूपनारायण नदी (प्रतापपुर से जियोनखाली)	72	पश्चिम बंगाल
13.	राष्ट्रीय जलमार्ग 97	सुंदरबन जलमार्ग	172	पश्चिम बंगाल

		(नामखाना से अथाराबंकी खाल)		
14.	राष्ट्रीय जलमार्ग 40	घाघरा नदी (फैजाबाद से मांझीघाट)	345	बिहार और उत्तर प्रदेश
15.	राष्ट्रीय जलमार्ग 52	काली नदी (कडसल्ली बांध से सदाशिवगद ब्रिज, अरब सागर)	53	कर्नाटक
16.	राष्ट्रीय जलमार्ग 44	इच्छामती नदी (गोबरा के ब्रिज से बांग्लादेश सीमा के निकट बांसझारी)	63	पश्चिम बंगाल
17.	राष्ट्रीय जलमार्ग 57	कोपिली नदी (बनठई गांव तिनाली बस स्टॉप से चंद्रपुर नं-2 पर ब्रह्मपुत्र के संगत स्थल तक)	50	असम
18.	राष्ट्रीय जलमार्ग 31	धनसीरी नदी (मोरोंगी टीई गांव के पुल से नुमलीगढ़ तक)	110	असम
19.	राष्ट्रीय जलमार्ग 10	अंबा नदी (अरब सागर, धर्मतार क्रीक से नागोठाणे एसटी स्टैंड)	45	महाराष्ट्र
20.	राष्ट्रीय जलमार्ग 28	दाभोल क्रीक वशिष्ठी नदी (दाभोल में अरब सागर से पेढ़े के पुल तक)	45	महाराष्ट्र
21.	राष्ट्रीय जलमार्ग 25	चपौरा नदी (मनेरी गांव के निकट ब्रिज से मोरजिम, अरब सागर)	25	गोवा
22.	राष्ट्रीय जलमार्ग 37	गंडक नदी (भैसालोटल बराज से हाजीपुर)	296	बिहार और उत्तर प्रदेश
23.	राष्ट्रीय जलमार्ग 73	नर्मदा नदी (पंढरिया से खंभात की खाड़ी तक)	226	महाराष्ट्र और गुजरात
24.	राष्ट्रीय जलमार्ग 85	रेवदांडा क्रीक -कुंडलिका नदी प्रणाली (रेवदांडा में अरब सागर से रोहा नगर के	31	महाराष्ट्र

		निकट ब्रिज तक)		
25.	राष्ट्रीय जलमार्ग 94	सोन नदी (सोन बराज डेहरी से गंगा के संगम स्थल तक)	141	बिहार
26.	राष्ट्रीय जलमार्ग 100	तापी नदी (हटनूर डैम से खंभात की खाड़ी तक)	436	महाराष्ट्र और गुजरात

अनुबंध-2

रा. ज.- 4 पर शुरू किए गए विकास कार्यों का विवरण

1	आंध्र प्रदेश में 55.47 करोड़ रु. की लागत से राष्ट्रीय जलमार्ग-4 के मुक्तयाला से विजयवाड़ा जलखंड (कृष्णा नदी में - 82 किमी) से ड्रेजिंग कार्य।
2	4 फ्लोटिंग पोंटून खरीदे गए और आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम को सौंप दिए गए।
3	हरिश्चंद्रपुरम और मुक्तयाला में रो-रो टर्मिनलों के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा हो गया है और इब्राहिमपट्टनम में रो-रो टर्मिनल के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
4	रा. ज. - 4 के विजयवाड़ा-मुक्तयाला जलखंड के बीच नियमित जल सर्वेक्षण।
5	रा.ज. -4 पर विकास कार्यों के लिए 15 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।

***